an>

Title: Need to develop the unutilized land under Central and State Governments.

**श्री गोपाल शेट्टी (मुम्बई उत्तर) :** माननीय अध्यक्ष जी, देश में सभी राज्यों में और सभी महानगरपालिकाओं में केन्द्र सरकार की बहुत बड़ी ज़मीनें पड़ी हैं लेकिन केन्द्र सरकार, राज्य सरकार और महानगरपालिका के बीच में जो पैसे का लेनदेन है, उसके बारे में बहुत दिनों से झगड़ा चल रहा है, इसका कोई फैसला नहीं हो पा रहा है। परिणाम यह होता है कि मुम्बई जैसे शहर में जो डैवलपमैंट प्लान में रोड बताए गए हैं, वे रोड भी विकसित नहीं होते हैं, बच्चों को खेलने के लिए प्लेग्राउंड और गार्डन भी नहीं मिलता है। ऑफिशियल काम हम नहीं कर पाते हैं, लेकिन उस जगह पर अनऑफिशियल झोपड़-पट्टियाँ निर्माण होती हैं। वेंकैया नायडू जी यहाँ पर बैठे हैं, मैं उनसे निवेदन करूँगा कि आप अगर तुरंत निर्णय लेते हैं तो केन्द्र सरकार को बड़े पैमाने पर पैसा मिलेगा और मुम्बई शहर के लोगों को विकास और डैवलपमैंट प्लान में जो रास्ते बताए गए, वे रास्ते निर्माण होंगे, गार्डन और प्लेग्राउंड निर्माण होंगे और बड़े पैमाने पर आवास का निर्माण भी हो सकता है। इसलिए वेंकैया जी इस बारे में त्वरित मीटिंग बुलाकर इसका निपटारा करें जिससे देश के पास बहुत बड़े पैमाने पर पैसा भी आएगा और लोगों को सब प्रकार की सुविधाएँ भी आने वाले दिनों में मिलेंगी। ...(व्यवधान) मैं आपके माध्यम से मांग करता हूँ कि तुरंत 8 से 15 दिन में माननीय वेंकैया जी इसका निपटारा करेंगे, ऐसा सदन के माध्यम से मैं अपनी भावनाएँ यहाँ प्रकट करता हूँ। ...(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** गोपाल शेट्टी जी, आप उनको माननीय मंत्री जी कहें।

श्री चन्द्र प्रकाश जोशी,

श्री रोड़मल नागर,

श्री सुधीर गुप्ता,

श्री भैरों प्रसाद मिश्र,

कुँवर पुÂष्पेन्द्र सिंह चन्देल,

श्री अरविंद सावंत,

श्री पी.पी.चौधरी एवं

श्री रवीन्द्र कुमार जेना को श्री गोपाल शेट्टी द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

श्रीमती जयश्रीबेन पटेल।